पंजाब केसरी 30/08/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में हुई जिलास्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता

अम्बाला, 29 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में वीरवार को जिलास्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता हरियाणा राज्य परिषद् विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी द्वारा प्रायोजित थी, जिसमें विभिन्न कालेजों से 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में 8 टीमों को स्क्रीनिंग परीक्षण के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किया गया।

कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डा. शिखा जग्गी ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई और प्रतियोगिता में कुल चार राउंड हुए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जी.एम.एन. कालेज से कोमल सैनी एवं प्रगति, द्वितीय स्थान एस.डी. कालेज से अपूर्वा, गुंजन एवं पलक, तृतीय स्थान एसडी कालेज से ज्योति, अक्षित एवं प्रियांशु ने प्राप्त किया। चौथे स्थान पर डी.ए.वी. कालेज और पांचवें स्थान पर गवर्नमैंट पी.जी. कालेज अम्बाला छावनी की टीम रही।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता की टॉप 5 टीमें जोनल लेवल विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करेंगी। कार्यक्रम के आयोजन में डा. शैलेन्द्र पांडेय, डा. कुलदीप यादव, डा. अनुपमा सिहाग, डा. नेहा अग्रवालए और डा. नियति ने प्रमुख भूमिका निभाई। अंत में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता टीमों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आयोजित जिलास्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त और प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)